**खबर संक्षेप**

### इंटरसिटी रुकने से यात्रियों को राहत

**सीहोर।** रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से रूकना बंद हुई सभी ट्रेनों के वापस स्टॉपेज होने लगे हैं। इंटरसिटी ट्रेन के रूकने से अब यात्रियों को राहत मिली है। ट्रेनों के स्टापेज के लिए आंदोलन करने वाले नौशाद खान ने बताया कि मुंबई रेलवे कार्यालय से पत्र आ गया है। जल्दी ही बीते चार साल तीन माह से सीहोर स्टेशन से बिना रूके गुजर रही ओवर नाइट ट्रेन का स्टॉपेज भी होने वाला है जिससे शहर के व्यापारियों को इंदौर आने जाने में काफी सुविधा मिलेगी।

### दानों का अंकुरण होने पर ही करें बोवनी

**सीहोर।** किसानों को सलाह दी गई है कि निजी विक्रेताओं से बीज क्रय करते समय ध्यान रखें कि वे कृषि विभाग द्वारा पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज क्रय करें। साथ ही पक्का बिल भी लें। जो विक्रेता पक्का बिल नहीं देते हैं, उनकी शिकायत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या उप संचालक कृषि सीहोर को कर सकते हैं। उन्हें सलाह दी गई है कि बोनी के पूर्व बीज की अंकुरण क्षमता का परीक्षण कर लें। यदि 100 दानों में 70 का अंकुरण होता है तो वह बीज बोने के लिए उपयुक्त हैं। बोनी के पूर्व बीज उपचार दवा से उपचारित कर ही बोएं।

### परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 की प्रारंभिक परीक्षा 23 जून को जिला मुख्याल के 6 परीक्षा केन्द्र में दो पाली में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:16 बजे से सायं 4:15 बजे तक आयोजित कि जाना है। परीक्षा सामग्री एवं अन्य व्यवस्था के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिला कार्यालय सीहोर के कक्ष क्रमांक-15 में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। कंट्रोल रम का दूरभाष क्रमांक 07662-226066 है। कंट्रोल रूम के लिए अधिकारी, कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह परीक्षा के नोडल अधिकारी होगें और कंट्रोल रूम के लिए सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख के सत्यनारायण मालवीय ,एवं सहायक वर्ग-3 ऋषि भिलाला कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहकर कार्य सामाप्ति तक कार्य संपादित करेंगे।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

### बैरागढ़ खुमान के पास एनएच 46 पर मीना ढाबा रामदेव जी मंदिर के पास स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी

# भोपाल-ब्यावरा हाईवे पर स्कॉर्पियो से टकराने के बाद ट्रक में जाकर घुसी बाइक, युवक और बालिका की मौत

बाइक पर बैठे युवक, दो बच्चे और महिला साइड में चल रहे ट्रक में जा घुसे। इसमें युवक और पांच साल की बच्ची की मौके पर मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/श्यामपुर

भोपाल-ब्यावरा हाईवे पर शनिवार को एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक ट्रक से टकरा गई। इसमें बाइक सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से श्यामपुर के अस्पताल ले जाया गया है।

घटना सुबह 8:15 से 8:40 के बीच का है। घायल महिला और बच्चा बाइक पर सवार थे। बाइक सवार ब्यावरा की ओर से भोपाल जा रहे थे। रास्ते में बैरागढ़ खुमान के पास एनएच 46 पर मीना ढाबा रामदेव जी मंदिर के पास स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर बैठे युवक, दो बच्चे और महिला साइड में चल रहे ट्रक में जा घुसे। इसमें युवक और पांच साल की बच्ची की मौके पर मौत हो गई। एक बच्चा और महिला दूर जा गिरे। उन्हें गंभीर चोट आई है। मौके पर पहुंचे श्यामपुर पुलिस के कर्मियों ने बताया कि 5 साल की लड़की और 24-25 साल के युवक की मौत हो गई है।





**मदद के लिए रुकी कार को मारी टक्कर :** दुर्घटना के बाद ग्रामीण मुकेश, विशाल तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय यहां से गुजर रहे एक वेगेनर कार सवार घायलों की मदद के लिए रुके। कार सवार संजय कुमार डे वेगेनर कार से राजगढ़ से भोपाल में आर्मी हेड क्वार्टर जा रहे थे। स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने भागने की कोशिश में संजय कुमार की खड़ी कार में टक्कर मार दी। इसके बाद स्कॉर्पियो खाई में उतर गई। कार में बैठी संजय कुमार की माताजी वीना डे के सिर में चोट आई है। उनको और बाइक सवार दो घायलों को श्यामपुर अस्पताल ले जाया गया। ट्रक के नीचे आए बच्ची और युवक के शव को एंबुलेंस स्टाफ मौके पर ही छोड़ गया। दुर्घटना में स्कॉपियो सवार को भी हल्की चोट आई है।

### भोपाल का रहने वाला है मृतक

बाइक चला रहे युवक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान राहुल जोगी (24) के रूप में हुई है। वह जोगीपुरा बरखेड़ी भोपाल का रहने वाला है। तीन घायलों को एंबुलेंस से श्यामपुर अस्पताल छोड़कर आए राजेश का ने बताया कि वे एंबुलेंस से भोपाल से ब्यावरा जा रहा था। रास्ते में घायल पड़े मिले तो दो महिला सहित तीन लोगों को श्यामपुर अस्पताल छोड़कर आए। दो लोगों की मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस के आने पर उनके शवों को किसी अन्य वाहन से भेजा जाएगा। बाइक सवार घायल महिला और बच्चे को श्यामपुर से भोपाल रेफर किया गया है।

## 37 पर पहुंचा अधिकतम तापमान : मौसम विभाग का अनुमान जिले में 20 जून तक आएगा मानसून


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि 20 जून तक जिले में मानसून दस्तक दे देगा। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉएसएस तोमर ने बताया कि सीहोर में मानसून 20 तारीख तक दस्तक दे देगा। वहीं अभी एक-दो दिनों में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के कारण तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश हो सकती है।




**इंद्रदेव को मनाने किया नृत्यः** देवनारायण मंदिर पर पहुंचकर ग्राम चंदेरी ग्राम राम खेड़ी के किसानों ने इंद्रदेव को मनाने के लिए अनोखे तरीके से डांडिया नृत्य कर लहंगे गीत गाते हुए लैंगि खेलते हुए लकड़ी ढोल नगाड़े पर अनोखा टोटका कर शीघ्र वर्षा करने की मांग इंद्रदेव से प्रार्थना की है इस अवसर पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा द्वारा पूजा पाठ करवरकर इंद्रदेव भगवान से प्रार्थना किया कि शीघ्र वर्ष की जावे।

### भैरूंदा विकासखंड के 17 ग्रामों में आज जल प्रदाय बाधित रहेगा



**सीहोर।** मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से जिले के बुधनी एवं भैरूंदा विकासखंड के 161 ग्रामों में जलप्रदाय किया जाता है। योजना की पाइपलाइन में मरम्मत का कार्य होने के कारण भैरुन्दा विकासखंड के ग्राम नयापुरा, पांगरी, बसंतपुर, मेलाबाई टप्पर, घटवानी, पिपलानी, फण्डकी, डोंगलापानी, इटावाखुर्द, इटावा टप्पर, किशनपुर, हमीदगंज, बोरखेडा खुर्द, जाट महाई, करी, घोघरा, रफीकगंज में 16 जून को जल प्रदाय बाधित रहेगा।

## गैल कंपनी के प्रस्तावित प्लांट से प्रभावित आधा दर्जन ग्रामों के किसानों से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर क्षेत्र में प्रस्तावित गैल इंडिया लिमिटेट के प्लांट के लिए जमीनों की नपती के दौरान किसानों ने हंगामा किया था और नपती का विरोध किया था। किसान अपनी जमीने कम्पनी को नहीं देना चाहते हैं और प्रशासन ने भी किसानों के बिना संज्ञान के नपती प्रारंभ कर दी। इस प्रक्रिया को लेकर क्षेत्र वासियों और किसानों के मन में कई तरह की भ्रान्तिया हैं। क्षेत्र के किसान अंदोलित है। इन सब बातों को लेकर शनिवार को मप्र कांग्रेस कमेटी निर्देश अनुसार सीहोर जिला के एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाष परमार, एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, जि. प. सदस्य कमल चैहान, ब्लॉक काग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र शोभाखेड़ी एवं अशीष गेहलोत थे, ने गैल कम्पनी की ईकाइ लगना प्रस्तावित है के बागेर, भंवरी, भवंरा, अरनिया दाउद और बापचा इन गांवों में पहुंचा कर मुलाकता की और गांवों में चैपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी एवं प्रदेश कांग्रेस का पूर्ण सहयोग का अस्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल को किसानो ने कई तरह की समस्याए और अपनी मांगे बताई प्रतिनिधि मण्डल ने मप्र कांग्रेस कमेटी के लिए विस्तृत रिपोट तैयार कर भेजी है। इस अवसर पर धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, चन्दर सिंह ठाकुर, मनीष मेवाड़ा, संदीप ठाकुर, विक्की विश्वकर्मा सहित अन्य कांगेस जन उपस्थित थे।



## ढाबला राय में युवक की छत से गिरने से मौतःरात को बिना बाउंड्री वॉल की छत पर सोया था, सुबह नीचे पड़ा मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इछावर जनपद पंचायत के ग्राम ढाबला राय में शुक्रवार रात एक युवक की छत से गिरने से मौत हो गई। युवक रात को बिना बाउंड्री वॉल की छत पर सोया था, सुबह वह नीचे पड़ा मिला। परिजनों ने देखा तो वे तुरंत उसे अस्पताल जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ढाबला राय में रहने वाला जगदीश पिता रमेश राठौर उम्र 27 साल शुक्रवार रात अपने घर की दूसरी मंजिल की छत जो बिला बाउंड्री वॉल की है, उस पर सोया था। शनिवार सुबह घर के ठीक बाजू की दूध डेयरी की छत पर पड़ा मिल। इसके बाद परिजन उसे तत्काल इछावर अस्पताल ले गए, यहां डॉक्टरों ने जगदीश को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जगदीश के शव को पोस्टमार्टम के लिए सीहोर जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों के अनुसार जगदीश बीती रात घर की छत पर सोया था, आशंका जताई जा रही है कि रात को पेशाब करने के लिए उठा होगा तभी छत पर बाउंड्री वॉल नहीं होने वह नीचे गिर गया। वहीं, सीहोर जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक जगदीश के दो बेटे हैं, एक लड़का 6 साल का तो दूसरा 3 साल का है। जगदीश आष्टा में दुकान काम करके परिवार चलाता था, उसकी मौत के बाद परिनजों का रो-रोकर बुरा हाल है।



**मां सुबह उठाने पहुंची तो डेयरी की छत पर पड़ा मिला जगदीश :** जगदीश शुक्रवार रात 8 बजे घर आया था, उसकी पत्नी और दोनों बच्चे मायके गए हुए थे, वहीं, पिता बेटी के ससुराल शादी में गए थे। शनिवार सुबह जगदीश की मां उसे जगाने पहुंची तो वह बाजू वाली दूध डेयरी की छत पर पड़ा मिला, इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

## ईद उल अजहा को लेकर तैयारियां तेज, बाजारों में रौनक, बकरों की खरीदी कर रहे मुस्लिम समाजजन

**सीहोर।** मुस्लिम समाज के सबसे बड़े त्योहारों में से एक ईद उल अजहा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। ईद के लिए बकरों की खरीदी की जा रही है। कुर्बानी के लिए कई लोग हिस्से भी ले रहे हैं। जिले भर में ईद 17 जून को मनाई जाएगी। ईद गाह सहित मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाएगी। जानकारी के अनुसार मुस्लिम समा के कुर्बानी के पर्व ईद उल अजहा यानी बकरा ईद को लेकर जिले भर में तैयारियां जोर शोर से चल रही है। ईद का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बार जिले भर में ईद 17 जून सोमवार को मनाई जाएगी। मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाएगी। बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। आसपास के जिले के लोग भी खरीदी करने के लिए पहुंच रहे हैं। मुस्लिम समाज के लोगों के घरों में साफ सफाई के साथ सजावट की जा रही है।



**ईद गाह सहित मस्जिदों में होगी विशेष नमाज अदा :** ईद गाह कमेटी से जुड़े जाहिद हुसैन जाफरी ने बताया, ईद को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है। बारिश होने पर भी ईद गाह पर नमाज अदा की जाएगी। ईद गाह पर सुबह 7 बजे नमाज अदा होगी, वहीं जमा मस्जिद कदीम कस्बा 7:15 बजे, लाल मस्जिद 7:15 बजे, पुख्ता मस्जिद 7:15 बजे, सराय वाली मस्जिद 7:30 बजे,मस्जिद मोलसरी 7:30 बजे, मस्जिद गंज एक मीनारा में 7:45 पर अदा होगी।

### शहर की मुख्य और अंदरूनी सड़कों की स्थिति बदतर, पड़ा हुआ है मलबा

# पाइप लाइन बिछाने खोदी सड़क, मलबा भरकर छोड़ दिया, फिसलकर गिर रहे वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में कई जगह नल जल योजना के तहत पाइप लाइन डाली जा रही है तो कई जगह शहर के मेन रोड और कॉलोनी की अंदरूनी सड़कों पर अन्य काम के चलते रोड को खोदा जा रहा है। रोड खोदकर उसका मलबा सड़क पर ही पटक रहे हैं, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। शहर में सड़क के बीच से निकली सीवेज लाइन के गड्ढों से लोग वैसे ही परेशान हैं, तो वहीं शहर की कई सड़कों को मरम्मत की दरकार है।

सीवेज के गड्ढों के ढक्कन कई जगह नीचे धंसक गए हैं। जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। वहीं शहर की गंज कालोनी में पाइप लाइन डाली गई है। पाइप लाइन डालने के लिए रोड खोदा गया था। जिसके मलबे से पाइप लाइन डालने के बाद उसे भर दिया गया, लेकिन वह मलबा अभी भी बीच सड़क पर पड़ा हुआ है। लाइन डालने के बाद उसे हटाया नहीं गया और ना ही रोड को समतल किया गया है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 10 दिनों से रोड पर पड़ा मलबा नहीं उठाया

मलबे के बीच सड़क पर पड़े रहने से रोड सिमटकर संकरी हो गई है, जिससे लोगों को वाहन निकालने में दिक्कत हो रही है। वहीं कई बार दो पहिया वाहन फिसलकर गिर भी जाते हैं। लोगों ने बताया कि यह मलबा बीते 10 दिनों से रोड के बीचों-बीच पड़ा हुआ है। मलबे का उठान नहीं होने से आवाजाही में दिक्कत हो रही है। इससे रोड पर हादसा होने का अंदेशा बना रहता है।

**खुदाई करने के बाद कंपनी सड़क को नहीं कर रही समतल :** इन दिनों में कई निजी कंपनी अपनी पाइप लाइन डाल रही हैं। इस कारण भी परेशानी हो रही है। सिंचाई के लिए डाली जा रही पाइप लाइन के कारण भी सड़क किनारे खुदाई कर पाइप लाइन तो डाल दी लेकिन अब इसे समतल नहीं किया गया। इस कारण वाहन चलाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शीतल विहार कालोनी से शांति विहार कालोनी तरफ जाने रहे रोड किनारे खुदाई कर दी गई। इससे अब यातायात बाधित हो रहा है।

**बारिश में ज्यादा दिक्कत :** सड़कों को खोदकर मलबा सड़क किनारे छोड़ दिया है। उसी मलबे से भर दिया गया है, लेकिन समतल नहीं किया गया। बरसात के सीजन में इससे और ज्यादा परेशानी आएगी। इससे सड़क पर बह रहे पानी की निकासी नहीं हो पाएगी और पानी रोड पर ही भरा रहेगा। वहीं मलबे से फिसलकर हादसे का शिकार होंगे।

## आज आस्था और उत्साह के साथ निकाला जाएगा जगदीश भगवान का भव्य चल समारोह

**सीहोर।** लगातार दूसरे वर्ष अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के तत्वावधान में श्री जगदीश भगवान का भव्य चल समारोह रविवार को सुबह 10 बजे शहर के आवासीय ग्राउंड भोपाल नाका से प्रारंभ होकर लीसा टाकीज पर पहुंचेगा। जहां पर समापन और महासभा का आयोजन किया जाएगा। समाज द्वारा घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए चल समारोह के संयोजक और संस्थापक डॉ. अजय पटेल, अध्यक्ष आकाश वर्मा पम्मू और जिला समिति के अध्यक्ष रघुनाथ वर्मा सहित अन्य ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भव्य चल समारोह में शामिल होने की अपील की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए चल समारोह के संयोजक डॉ. अजय पटेल ने बताया कि यह लगातार दूसरे साल भव्य आयोजन भगवान जगदीश रथ यात्रा के लिए किया जा रहा है। चंद्रवंशी खाती समाज के भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की तैयारियों अब अंतिम चरण में हैं। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज यह आयोजन करा रहा है। इसके लिए पूरे शहर में बैनर-पोस्टर आदि लगाए गए है। बता दें कि क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया जा रहा है, सभी को चल समारोह में आने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को आयोजन से जुड़े पत्रक और आमंत्रण पत्र दिए। रविवार को शहर के आवासीय ग्राउंड भोपाल नाका से प्रारंभ होने वाले भव्य चल समारोह में बैलगाड़ी, ट्रैक्टर-ट्राली, ढोल-ताशे के अलावा नागपुर के बैंड और अनेक झांकियां निकाली जाएगी। इस झांकी में भव्य रूप से भगवान हनुमान की झांकी मुख्य आकर्षण केन्द्र रहेगी। चल समारोह शहर के भोपाल नाके स्थित हनुमान मंदिर से आरती के पश्चात लीसा टाकीज पर महासभा में समापन किया जाएगा। इस मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी और समाजजन उपस्थित रहेंगे।

खबर संक्षेप



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन

**सीहोर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देशानुसर अभियान के अंतर्गत अनेक कुओं, तालाबों, बावडियों एवं अनेक जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में भैरूंदा के सिंहपुर में तालाब के नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है तथा सीहोर के ग्राम बरखेडी में कुए के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

### 21 जून को संपूर्ण प्रदेश में मनाया जाएगा दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**सीहोर।** भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष की थीम ₹स्वयं एवं समाज के लिए योग (Yoga For Self and Society)₹ निर्धारित की गई है। इस तारतम्य में आयुष विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता लाने के लिए शुक्रवार सुबह प्रदेश भर में एक साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त मुख्यालयों में एक साथ आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम में समाज के प्रत्येक आयुवर्ग के लगभग 15 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में 11 दिसम्बर 2014 को सर्वसम्मति से योग की महत्ता को स्वीकार करते हुए हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने के लिये प्रस्ताव पारित हुआ। इसके अनुपालन में इस वर्ष भी 21 जून, शुक्रवार को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का संपूर्ण प्रदेश में बृहद रूप से आयोजित होगा। इसका उद्देश्य योग के आध्यात्मिक लाभों के बारे में जागरूकता लाना और योग के माध्यम से स्वयं एवं समाज के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा कर उनका सशक्तिकरण किया जाना है। वैश्विक स्तर पर भारत की ब्रांडिंग कर, संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 25 जून निर्धारित

**सीहोर।** वाणिज्यिक कर विभाग, द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकित पदों में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से किये जाना है। दिव्यांगजनों से रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। आवेदक द्वारा भर्ती के लिए आवेदन पत्र विभाग की बेब साईट से डाउनलोड किये जा सकते है। वाणिज्यिक कर अधिकारी आशीष कुमार दीवान ने बताया कि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 जून 2024 है। जिला सीहोर से संबंधित आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र भौतिक रूप से 24 जून तक कार्यालय वाणिज्यिक कर अधिकारी महिला पॉलिटेक्निक के सामने सीहोर पिन 466001 पर भी कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन पत्र को सीधे कार्यालय संभागीय उपायुक्त वाणिज्यिक कर भोपाल में प्रस्तुत किए जाएंगे।

#### विवाह के लिए 603 वर-वधूओं ने अपने आवेदन जमा कराए थे

# विवाह के 14 घंटे पहले प्रशासन ने कमियां बताकर 150 आवेदनों को किया निरस्त

### विवाह के चंद घंटे पहले काफुर हुई खुशियां, एक फोन ने कॉल ने खुशियों को मायूसी में बदला, कांग्रेस ने कहा हम अपने खर्च पर कराएंगें गरीब कन्याओं का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

विवाह को लेकर घरों में जमकर तैयारियां की जा रही थीं, ऑगन में मंडप छाया और परिवार में खुशियों का माहौल था, लेकिन प्रशासन के एक फोन कॉल ने उन दर्जनों परिवारों की तमाम खुशियों को मायूसी में बदल दिया । दरअसल हम बात कर रहें है इछावर में रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह सम्मेलन की। जिसमें विवाह के लिए आवेदन करने वाले करीब 150 जोड़ों के आवेदन प्रशासन ने विवाह के ठीक 14 घंटे पहले आवेदनों में खामियां बताकर निरस्त कर दिए। आवेदन निरस्त होने की सूचना मिलते ही वर-वधू और उनके परिजन जनपद कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया। मामले की खबर लगते ही कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और उन्होने एसडीएम जमील खानं को आवेदन सोंपते हुएं निरस्त आवेदनों की सूची मुहैया कराने की मांग की। इस दौरान उन्होने कहा कि उन गरीब जोड़ों का विवाह कांग्रेस पार्टी अपने खर्च पर कराएंगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत रविवार को नगर के मंडी प्रांगण में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विवाह के लिए 603 वर -वधूओं ने अपने आवेदन जमा कराएं थे। उक्त आवेदनों के निरीक्षण के बाद प्रशासन ने शनिवार को करीब 150 आवेदन निरस्त कर दिए। इसके कारण आवेदन अपूर्ण होना अथवा कांगजों में खामियां होना बताया गया। आवेदन निरस्त होने की सूचना प्रशासन ने संबधित आवेदकों को फोन करके दी। इसके बाद आवेदकों में हड़कंप मच गया। वह बड़ी संख्या में जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे ओर आवेदन जानबूझ कर निरस्त करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। दरअसल आवेदकों का कहना था कि जब आवेदन कंपीलिट नहीं थे तो उन्हे जमा क्यों किएं गये, अब जब विवाह को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई । हल्दी, मेंहदी और मंडप छाया की रस्त पूर्ण हो गई और घर मेहमान आ गएं ऐसे में एन वक्त पर प्रशासन द्वारा फोन कर आवेदन निरस्त होना बता रहा है यह सरासर गलत है। वर वेभव, सतीस , जितेंद्र , दीपक आदि का कहना है कि विवाह के 12 घंटे पहले प्रशासन द्वारा आवेदन निरस्त होने की सूचना देने से परिवार में घोर मायूसी है क्योंकि विवाह को लेकर सारी तैयारियां पहले ही कर ली गई थीं। ऐन वक्त पर विवाह निरस्त होने से सामाजिक प्रतिष्ठा को भी हानि हुई है। कन्याओं के पालकों का कहना है कि यदि आवेदन में कोई कमी थी प्रशासन ने उन्हे जमा क्यों किया, अथवा आवेदन अपूर्ण होने की सूचना पहले देना चाहिएं थी ताकि समय रहते हम उसे पूर्ण कर पातें। मंडप के बाद बेटी का विवाह नहीं होना परिवार पर किसी कलंक से कम नही है। परिजनों को अब समझ नहीं आ रहा है कि वह अपनी कन्या , बेटे का विवाह कैसे करें।



**इछावर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को निरस्त हुए जोड़ों की सूची एवं तुरंत विवाह संपन्न करने के लिए जगह एलॉट करने ज्ञापन सौंपा।



**इछावर।** फॉर्म निरस्त होने की सूचना मिलते ही तुरंत जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचा दूल्हा

#### कांग्रेस ने कहा हम अपने खर्च पर कराएंगे गरीबों का विवाह

उधर मामले की सूचना प्राप्त होते ही ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बलवान पटेल कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होने आवेदकों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिंल की। अध्यक्ष श्री पटेल आवेदकों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे जहां उन्होने एसडीएम जमील खान को एक आवेदन सौंपते हुए कहा कि यदि शासन इन गरीब आावेदकों का विवाह नहीं करवा सकता तो प्रशासन हमें उनकी सूची सौंप दें और हमें विवाह स्थल के नजदीक ही स्थान आवंटित करवा दें कांग्रेस उनका विवाह अपने खर्च पर कराएंगी।

**सभी आवेदकों का विवाह संपन्न कराया जाएगा :** जपं सीईओ शिवानी मिश्रा ने कहा कि विवाह के लिए 603 आवेदन प्राप्त हुए थे, निरीक्षण के दौरान कुछ आवेदनों में कमियां पाई गई जिन्हे रिजेक्ट कर सूची चस्पा की गई। रिजेक्ट किये गए आवेदकों का विवाह सम्मेलन में कराया जाएगा , लेकिन उन्हे शासन से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त का वितरण 18 जून को

**सीहोर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वी किस्त वितरण 18 जून को किया जाना है। इसके लिए 18 जून को ₹पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जायेगा। योजना के तहत किसान हितग्राहियों को वर्ष में कुल राशि 6000 रूपये तीन समान किस्तो में प्रदान की जाती है। किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त वितरण का प्रधानमंत्री 18 जून को वाराणसी, उत्तरप्रदेश से किया जाना है। योजना की 17वीं किश्त वितरण दिवस को ₹पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाना है।

इस संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिये है कि योजना की 17 वीं किस्त वितरण कार्यक्रम को ₹पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाये। योजना के कार्यक्रम में विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जाये और कार्यक्रम का प्रसारण भी किया जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर/बड़ी स्कीन के माध्यम जिलों की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की जाये और योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिए VNO (Village Nodal Officer) नामांकित किया जाये और सभी VNO को कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित किया जाए।

योजना अन्तर्गत किसान हितग्राहियों को VNO संबंधित को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगे एवं हितग्राहियों को किस्त प्राप्त करने के लिए ई-केवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएम किसान पोर्टल पर स्टेटस करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन MYGOV प्लेटफार्म के माध्यम से कराया जाकर कार्यक्रम से लाईव जुडने के लिए कहा जाये। कार्यक्रम से जुडने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक (https://pmindiawebcast.nic.in/) का उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम का प्रमुख समाचार पत्रों एवं सोशल मीडियो के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीहोर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

## खरीफ फसल की तैयारी जोरों पर किसान कर रहे बारिश का इंतजार



**सीहोर।** ग्राम पंचायत पचामा में किसान अपने खेतों को सोयाबीन के लिए तैयार कर रहा है, 15 जून के बाद किसान खेतों में सोयाबीन, मक्का आदि फसल की बुआई करेंगे। इस समय किसान अपने खेत में बक्खर चला रहा है और कीटनाशक खाद का छिड़काव कर रहा है।

किसानों को इस साल यूरिया खाद 270 रुपए प्रति बैग, वहीं डीएपी 1350 रुपए प्रति बैग खरीद रहे हैं। किसान लखन ने बताया कि बारिश के समय सोयाबीन की फसल में घास अधिक होता है, इसलिए किसान बोवनी करने से पहले अपने खेतों में कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव कर रहे हैं, जिससे खेतों में जो खाद पैदा होगा, वह दवाइयां से मर जाएगा और सोयाबीन की फसल को अच्छी जगह मिलेगी, इससे उत्पादन बढ़ेगा। खाद विक्रेता अनिल ने बताया कि पिछले 2 साल से बाजारों में खाद बड़ी मात्रा में आ रहा है और सोसायटी में भी पर्याप्त खाद मिलता है यह खाद को लेकर किसी भी प्रकार की किसानों को कोई परेशानी नहीं होती है, किसान को सोसाइटी में जो रेट मिलता है वहीं बाजारों में मिलता है।

### एक ही परिसर में एक से अधिक बिजली कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध

**सीहोर।** राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब उपभोक्ताओं को एक ही परिसर में पृथक-पृथक रहने पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा कुछ शर्तों के आधार पर कराई जा रही है। कंपनी ने कहा है कि ऐसे आवेदक जो एक ही परिसर में निवास कर रहे हैं लेकिन अलग-अलग रहते हैं, तो उनके द्वारा अलग बिजली कनेक्शन का आवेदन करने पर उन्हें नवीन कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विगत दिवस समीक्षा बैठक में इस संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिये थे। कंपनी ने कहा है की मूल विद्युत कनेक्शन के अधीन परिवार के द्वारा पृथक कनेक्शन चाहे जाने पर मूल कनेक्शन परिवार के मुखिया के नाम करवाने हेतु यथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इन शर्तों को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने एक ही परिसर में पृथक स्वतंत्र घरेलू कनेक्शन दिए जाने में आ रही कठिनाई के निराकरण हेतु सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों यथा भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर, शहडोल एवं रीवा में पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अंतर्गत एक ही परिसर में निवासरत परिवारों को कुछ शर्तों के साथ स्वतंत्र घरेलू कनेक्शन दिए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

## जोशीपुर-बगवाड़ा गांव में अवैध रेत को लेकर प्रशासन ने की कार्वाई, जेसीबी डंपर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शुक्रवार रात ठेकेदार द्वारा नर्मदा नदी से निकाली जा रही अवैध रेत को लेकर एसडीम ने पुलिस अमले के साथ कार्यवाही की है1 उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रेत के अवेद्य खनन,परिवहन और भंडारण को लेकर कार्यवाही करने के आदेश जारी किए हैं इसे लेकर प्रशासन द्वारा यह कार्यवाही की गई है शुक्रवार शाम लगभग8बजे एसडीम राधेश्याम बघेल अचानक जोशीपुर बगवाड़ा गांव पहुंचे उन्हें मौके पर दो जेसीबी3ट्रैक्टर और एक ट्रक मिले हैं जिन्हें जप्त कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है अब देखना यह होगा कि रेत का ठेका चलाने वाले ठेकेदार पर इस अवैध रेत को लेकर क्या कार्यवाही की जाती है कार्यवाही के दौरान शाहगंज थाने से भी पुलिस बल मंगवाया गया इस मामले में एसडीएम राधेश्याम बघेल ने बताया कि कि वे शाम 8बजे जोशीपुर गांव पहुंचे थे जहां मौके से जेसीबी डंपर जप्त किए गए हैं वहीं अवैध रूप से रखी गई रेत को लेकर पटवारी से सर्वे कराया जा रहा है जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।


## 15 जुलाई से पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा

**सीहोर।** सभी नगरीय क्षेत्रों में 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पौधरोपण को बढ़ावा देने के निर्देश दिये हैं। इस उद्देश्य से नगरीय क्षेत्र में पूरे 2 माह पौधरोपण अभियान चलेगा। शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ 75 लाख पौधों को रोपा जायेगा। राज्य शासन ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग से सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं। सभी जिला कलेक्टर के नेतृत्व में अन्य विभागों के साथ मिलकर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी प्रकार एक लाख एवं इससे अधिक जनसंख्या की नगर पालिकाओं में और एक लाख से कम जनसंख्या की नगर पालिका में 15-15 हजार और नगर परिषद में 10-10 हजार पौधे लगाये जायेंगे। नगरीय निकायों द्वारा पौधरोपण का कार्य नगरीय निकाय की स्वयं की हरित क्षेत्र के लिये आरक्षित भूमि, अन्य शासकीय भूमि तथा निजी कॉलोनियों में हरित क्षेत्र के लिये आरक्षित भूमि में किया जाएगा। निजी कॉलोनियों में पौधरोपण जन-सहयोग से होगा। निकाय द्वारा पौधों की आपूर्ति नगरीय निकाय एवं वन विभाग की नर्सरी तथा स्थानीय रूप से उपलब्ध पौधों से की जायेगी। अभियान में छायादार और औषधीय प्रजाति के पौधों का चयन करने को कहा गया है। सजावटी एवं हेज प्लांट का उपयोग नहीं होगा। निकायों द्वारा किये जाने वाले पौधरोपण की सुरक्षा का उचित प्रबंध करने को भी कहा गया है। निश्चित अंतराल एवं आवश्यकतानुसार पानी देने की व्यवस्था के भी निर्देश हैं। पौधों की निगरानी एवं रख-रखाव में निकाय द्वारा गैर सरकारी संस्थाओं और आम नागरिकों से सहयोग लेने की अपेक्षा की गई है।पौधरोपण कार्य वन, उद्यानिकी तथा नगरीय निकाय के स्वयं की उद्यानिकी शाखा के तकनीकी मार्ग दर्शन में किया जाएगा।

## भैरूंदा बॉयज टीम ने घुटवानी को हराकर मैच जीता

### फादर्स-डे पर विशेषः पिता हमेशा अपने बच्चों की खुशियों में अपनी खुशी तलाशता है

**सीहोर।** पिता और बच्चों का रिश्ता बेहद भावनात्मक और अनमोल होता है। दोनों ही एक दूसरे की पहचान होते हैं। पिता हमेशा अपने बच्चों की खुशियों में अपनी खुशी तलाशता है और बच्चे अपने पिता को एक दोस्त और एक आदर्श पिता के रूप में देखते है। पिता और पुत्र-पुत्रियों के बीच यह जो भावनात्मक रिश्ता है, बीते समय भैरूंदा में आयोजित कबड्डी मैच के दौरान देखने मिला।



फाइनल मैंच में भैरूंदा बॉयज टीम ने घुटवानी को हराकर जब मैच जीत लिया तब, एक पिता की आंखों से खुशी के आंसू निकल पड़े और उन्होनें कब्बडी कोट में जाकर अपने बेटे को गले लगा लिया। कब्बडी कोट में पिता को देख बेटे की आंखों से भी अश्रुधारा निकल पड़ी। दोनों कुछ देर तक एक दूसरे को अपलक देखते रहे। पिता ने अपने बेटे को गले लगा लिया और फिर पिता-पुत्र दोनों की आंखों से खुशी के आंसुओं की गंगा बहने लगी। कबड्डी कोट के इस दृश्य को देखकर दर्शक भी भावुक हो गए थे। भैरूंदा बॉयज टीम के खिलाड़ी आदित्य के पिता विष्णु प्रसाद यादव इस मैच को देखने कई घंटे पहले ही कब्बडी मैदान में पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि उनके पिता भी कब्बडी खिलाड़ी थे। आज वे होते तो अपने नाती को खेलता देख बहुत खुश होते। विष्णु यादव ने पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा था कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से गांवों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

### राज्य सलाहकार भोपाल विदिशा डॉ. कुलकर्णी ने विस्तार से जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया

# सुरक्षित गर्भपात सेवाओं के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला चिकित्सालय में सुरक्षित गर्भपात सेवाओं पर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन में किया गया। बैठक में नवीन गर्भपात अधिनियम की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। जिसके अंतर्गत 20 सप्ताह तक के एमटीपी के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा सेवाएं दी जा सकेंगी वहीं 24 सप्ताह तक के गर्भपात के लिए 2 पंजीकृत चिकित्सकों का अभिमत लिया जाना जरूरी होगा। इस दौरान विकासखण्डवार एमटीपी की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने कहा कि सुरक्षित गर्भपात सेवाएं मातृ स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण घटक है। बैठक में राज्य सलाहकार भोपाल विदिशा डॉ कुलकर्णी ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक अपनी संस्थाओं में सुरक्षित गर्भपात की सेवाएं प्रदान करें। संस्था स्तर पर रिकॉर्ड का संधारण करते हुए प्रतिमाह जिले की जानकारी रिकॉर्ड सहित भिजवाएं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जावर, बुदनी एवं रेहटी में एमटीपी नहीं हो रहे है। सीएमएचओ ने संबंधित बीएमओ को तत्काल 1-1 चिकित्सा अधिकारी को प्रशिक्षण के लिए नामांकित करने तथा सभी बीएमओ एचएमआईएस में एमटीपी की एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## नपा में 15 और नप में लगाना होंगे 10 हजार पौधे, सजावटी और हेज प्लांट वर्जित

**सीहोर।** इस बार पड़ी भीषण गर्मी को लेकर अब शासन भी पौधे लगाने को लेकर फोकस कर रहा है। 15 जुलाई से इस अभियान को शुरू किया जा रहा है जो दो महीनों तक चलेगा। इस दौरान हर नगर पालिका को 15 हजार और नगर परिषद को 10 हजार पौधे लगाना होंगे।

पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण भी किया जाएगा। अभियान में छायादार और औषधीय प्रजाति के पौधों का चयन करने को कहा गया है। सजावटी एवं हेज प्लांट का उपयोग नहीं होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन गई है। यादव ने पौधरोपण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ 75 लाख पौधों को रोपा जाएगा। राज्य शासन ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए हैं। एक लाख एवं इससे अधिक जनसंख्या की नगर पालिकाओं में और एक लाख से कम जनसंख्या की नगर पालिकाओं में 15-15 हजार पौधे लगाना होंगे।

नगर परिषदों में 10-10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। निकायों द्वारा पौधरोपण की सुरक्षा का उचित प्रबंध करने को भी कहा गया है। पौधों की निगरानी एवं रख-रखाव में निकाय द्वारा गैर सरकारी संस्थाओं और आम लोगों से सहयोग लेने की अपेक्षा की।

नुकसान कम, फायदा ज्यादा... किसानों ने बुवाई के लिए किया खेतों का रुख

# जिले में आंधी और तूफान के साथ हुई बारिश, अनेक पेड़ धराशायी

*ग्रामीण क्षेत्र के खपरेल व टीनशेडनुमा मकानों की लोहे की चादरें आंधी उड़ा ले गई*



### जडों से ही उखड़े सालों पुराने पेड़



तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश के पूर्व न केवल छोटे बल्कि सालों पुराने दर्जनों बड़े पेड़ कई स्थानों पर जड़ से रखड़कर जमीनों पर आ गिरे। स्थानीय खोयरी रोड, हाईवे के बाईपास, करेड़ी रोड पर सड़क के किनारों पर लगे दर्जनों पेड़ों के टूटकर जमीन पर गिरने के समाचार हैं।



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा

शुक्रवार को शहर में दोपहर के समय तेज आंधी-तूफान के साथ करीब 2 घंटे तक हुई बारिश ने गर्मी, उमस से हलाकान लोगों को राहत पहुंचाई है। बुवाई के इंतेजार में बैठे किसान कृषि उपकरण लेकर खेतों की तरफ जाते नजर आए। हालांकि हल्की मिट्टी वाले किसान पहले ही अपने खेतों में बुआई कर चुके हैं परन्तु कठोर भूभाग वाले किसान बुवाई के लिए बारिश का इंतेजार कर रहे थे।

बारिश के रूप में बड़ी राहत भलेही जिले में दस्तक दे चुकी है लेकिन तेज आंधी-तूफान के साथ प्री-मानसून ने अनेकों स्थानों पर कहर भी बरपाया है। इस आंधी से कई जगहों पर पेड़ों के धराशायी होने की सूचना है तो अनेक जगहों पर बिजली एवं संचार लाइनों के तार टूटकर जमीन पर आ गिरे।

### घरों में लगी लोहे की चादरें उड़ी

*आंधी, तूफान के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के कच्चे एवं टीनवाले मकानों में लगी लोहे की चादरें उड़ने के समाचार हैं। करेडी, चाटूखेड़ा, कालीपीठ, खिलचीपुर तरफ के ग्रामीण अंचलों में खपरैल एवं लोहे की चादरों वाले मकानों से चादरों को तेज आंधी अपने साथ उड़ा ले गई। हालांकि अचानक आई प्राकृतिक आपदा से कहीं से जनहानि का समाचार नहीं है।*

**14 जून को जिले में हुई कुल वर्षा**

| वर्षामापी केंद्र | 14 जून | सीजन की कुल बारिश |
|---|---|---|
| जीरापुर | - | 1.0 |
| खिलचीपुर | - | - |
| राजगढ़ | 11.1 | 24.5 |
| ब्यावरा | 15.0 | 74.2 |
| नरसिंहगढ़ | - | 44.5 |
| सारंगपुर | - | 71.6 |
| पचोर | 2.1 | 86.3 |
| औसत वर्षा | 4.0 | 43.1 |

हाइवे ब्रिज के नीचे बिना किसी अनुमति के बेचा जा रहा पशुआहार

# पीलूखेड़ी में जहरीला पदार्थ खाने से 2 गोवंश की मौत

## प्रशासन नहीं कर रहा संबंधितों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरावर



नगर के समीप औद्योगिक क्षेत्र पीलूखेड़ी में शुक्रवार को सुबह 10 बजे के आसपास जहरीला पदार्थ खाने से दो गोवंश की मृत्यु हो गई। इसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कुरावर पुलिस थाने में दी। मौके पर थाना प्रभारी मेहताब सिंह, उप निरीक्षक अरविंद सिंह राजपूत पहुंचे। वहीं पशु चिकित्सक डॉ डीआर अहिरवार एवं डॉक्टर भाटी ने पहुंचकर मृत गायों का पोस्टमार्टम किया और बताया कि उनकी मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। उसके पश्चात मृत गायों को वहीं दफना दिया गया।

### खराब पशु आहार खाने से हुई मौत!

वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण तथा विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि सोम डिस्टरलीज प्राइवेट लिमिटेड रायसेन से कुछ लोगों द्वारा बिना ग्राम पंचायत की अनुमति के नेशनल हाईवे पर औद्योगिक क्षेत्र के सामने ब्रिज के नीचे खुले आम बेफिक्र हो कर स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाते हुए ट्राले में पशु आहार लाया जाता है और उसे वहीं से बेचा जाता है। 2 से 3 दिनों में पशु आहार खराब हो जाता है और खराब पशु आहार बेचने वाले ब्रिज के नीचे फेंक जाते हैं जहां पर पालतू गाये उन्हें खा लेती हैं और वह खराब हो जाने के बाद पशु आहार जहरीला पदार्थ का रूप ले लेता है उनके खाने से गोवंश की मृत्यु हो जाती है और पहले भी हुई है और आज भी हो गई है।

औद्योगिक विभाग के साथ-साथ ग्राम पंचायत को भी चाहिए कि वह खुले में एवं बिना अनुमति के बिक रहे पशु आहार के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करें वहीं पुलिस विभाग ने भी अभी तक पशु आहार विक्रेताओं पर चालानी कार्यवाही की है लेकिन ब्रिज के नीचे खड़े होकर पशु आहार का विक्रय करने वालों के विरुद्ध शक्ति से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई है पुलिस विभाग को भी उक्त मामले में सत्य से सख्त कार्रवाई करनी होगी। तो वहीं दूसरी तरफ मौके पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल के कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह राजपूत, दीपक शर्मा, अरविंद पाल, प्रदीप शर्मा, अरुण मेवाड़े, एवं विशाल नायक ने भी उक्त मामले में थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना है**

हमने मौके पर पहुंचकर गोवंश की मृत्यु की जानकारी ली है। यदि इसमें किसी तरह की लापरवाही हुई है तो हम कार्यवाही करेंगे।

**मेहताब सिंह**, थाना प्रभारी कुरावर

## सांसद ने माना कार्यकर्ताओं का आभार

*सुठालिया। आप सभी जांबाज कार्यकर्ताओं की वजह से भाजपा को लगातार तीसरी बार राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में जीत मिली है। उक्त बात शुक्रवार को राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद रोडमल नागर ने नगर के ब्यावरा रोड पर स्थित कंचन हरी मैरिज हाल में सुठालिया मंडल क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं को आभार धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा की भाजपा में सभी एक दूसरे के परस्पर सहयोगी है आपकी मेहनत परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी को लगातार तीसरी बार राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से जीत मिली। हमारे सामने दिग्विजय को हराना बड़ी चुनौती लग रहा था लेकिन आप के परिश्रम मेहनत के चलते आसान हुआ ओर मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बने। यह हमारे लिए गौरव की बात है।*

# दो मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत में दो की मौत, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहगढ़



गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में तीन अन्य युवक घायल हो गए। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे भोपाल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार छोटा बैरसिया के समीप स्थित पाइप फैक्ट्री के सामने करीब साढ़े तीन बजे सड़क पर आमने-सामने से तेज स्पीड में आ रहे दो मोटरसाइकिल वाहनों की सीधी भिड़ंत हो गई। जिसमें पचोर निवासी सूरज राजपूत और नारायणी गांव निवासी अंकित नागर की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में कुलदीप, राहुल सहित एक अन्य घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जहां घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वही मृतके युवकों के शवो का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। रायसेन के समीप सड़क दुर्घटना में शहर के एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि को शहर से पांच युवक कार से जबलपुर की ओर जा रहे है थे। इसी बीच रात्रि करीब दो बजे रायसेन के समीप कंटेनर से भिड़ंत होने से कार में सवार युवक पवन पिता प्रेम नारायण सोनी उम्र 28 निवासी नरसिंहगढ़ की मौत हो गई। दुर्घटना में बाकी सवार युवकों को मामूली छोङते आई है। शुक्रवार को मृत युवक का शव नरसिंहगढ़ लाया गया। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# सलाहः ब्रॉड बेड फरो पद्धति से बुआई करेंगे तो होगा अधिक उत्पादन

**कृषि विभाग ने फसलों का उत्पादन बढ़ाने किसानों को दिया परामर्श**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। रबी सीजन के बाद अब जिले के किसान खरीफ फसल की बुआई कर रहे हैं। ऐसे में खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ाने कृषि विभाग ने जिले के लाखों किसानों को तकनीकी सलाह दी है। कृषि विभाग के उपसंचालक हरीश मालवीय ने कहा कि जहां हल्की एवं मध्यम काली मिट्टी वाला क्षेत्र है वहां पर किसानों को ब्रॉड बेड फरा (बीबीएफ) या चैड़ी क्यारी या नाली पद्धति से बुआई करनी चाहिए।

इस पद्धति को मूल रूप से सोयाबीन के खेतों में पानी की समस्या से निपटने के लिए विकसित किया गया है। मिट्टी की नमी का प्रबंधन वर्षा के पानी का मिट्टी में रिसाव तथा नमी अवधारणा को बढ़ाकर एवं पानी के बहाव एवं मृदा अपरदन को कम करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

### बीबीएफ पद्धति की यह है विशेषताएं

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार ब्रॉड बेड फरो पद्धति में सीड प्लेसमेंट हेतु एडजस्टमेंट की सुविधा दी जाती है। इस बहुउद्धेषीय मशीन का उपयोग प्रदाय किए गए फरो ओपनर को जोड़कर एवं हटाकर खरीफ एवं रबी दोनों फसलों के लिए किया जा सकता है। इस मशीन से पंक्ति से पंक्ति की दूरी एडजेस्ट की जा सकती है। बीबीएफ पद्धति से बने चैनलों या नाली के माध्यम से आसानी से सिंचाई की जा सकती है। रबी फसलों में उपयोग के लिए मशीन के साथ अतिरिक्त 5 टाईन उपलब्ध करवाए जाते हैं। इस पद्धति में बोए गए बीजों को मिट्टी से एकसाथ ढकने की सुविधा होती है। इस तकनीक से फसल उत्पादन में 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी हो जाती है।

### फसल संचालन एवं सर्वोत्तम परिणाम के लिए यह दिए सुझाव

रबी फसल की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई कर उसे खुला छोड़ देना चाहिए क्योंकि उससे गुणवत्तापूर्ण चौड़ी क्यारी तैयार करने में मदद मिलती है। यदि हर साल यह काम करना संभव न हो तो कम से कम दो या तीन साल में एक बार अवश्य करना चाहिए। अन्य जुताई कार्यों का भी पालन यथावत करना चाहिए। एमबदी प्लाउ उपयोग न करने पर रिजिड टाइन कल्टीवेटर का पालन यथावत करना चाहिए।

समाज में अब आ रही है जागरुकता और शिक्षा के प्रति अवेयरनेस

# सौंधिया समाज की होनहार प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



जिले के सौंधिया समाज सामाजिक सुधारों, शिक्षा के बढ़ावे के साथ ही कुप्रथाओं से दूर रहने के प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। समाज के लोग अब जहां फिजूलखर्ची को छोड़ रहे हैं वहीं बालक-बालिकाएं कैसे उन्नति कर सकें इसके लिए कईं तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। मृत्यु भोज के आयोजनों को समाजजनों द्वारा छोड़ा जा रहा है वहीं अन्य कुप्रथाएं जो समाज में व्याप्त थी, उनसे मुक्ति मिल रही है।

समाज के बच्चों को भी जीवन में उन्नति दिलवाने के प्रयास जागरुक लोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को सामाजिक छात्रावास में प्रतिभाओं को उभारने कैरियर मार्गदर्षन शिविर के साथ ही सम्मान समारोह आयोजन किया गया। कैरियर मार्गदर्षन के दौरान बच्चों को बताया गया कि किस तरह वे आगे विभिन्न क्षेत्रों में जाकर परिवार, समाज का नाम रोशन कर सकते हैं।

### सम्मानित हुई प्रतिभाएं

कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले पूजा सौंधिया एवं भगवान सिंह भामलिया, मुस्कान चौहान, राधेश्याम सौंधिया पाड़लियाखेड़ी, रचना चौहान, रामेश्वर वीरेंद्रपुरा, बृजमोहन चौहान नानोरी, देवराज, लक्ष्मीनारायण, संदीप सौंधिया, अमृत सिंह पुरस्कृत किए गए। इसी तरह कक्षा 12वीं में सुमित सौंधिया, केसर सिंह, हरिओम तोमर, ईष्वर सिंह, इंदर सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रताप मंडलोई, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, संजय सिंह पंवार, मांगीलाल पटेल, भरत मंडलोई, हेमंत जादोन, षिवराज सिंह नारायण घटा, शिवसिंह, सुल्तान सिंह, नारायण सिंह, लाडसिंह, मदनसिंह खैरासी, तरवर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारी महासंघ ने चोरों को पकड़ने की मांग का ज्ञापन टीआई को सौंपा



**माचलपुर।** नगर में जीरापुर रोड पर स्थित एक व्यापारी के गोडाउन से 2 मई रात्रि को 60 बोरी खल की चोरी हुई थी। उक्त चोरी की वारदात के आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर गुरुवार शाम को व्यापारी संघ द्वारा पुलिस थाने में टीआई को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में एक सप्ताह में चोरो को पकड़ कर माल जप्त करने की मांग की गई। ऐसा नहीं होने पर व्यापारी महासंघ धरना द्वारा धरना आंदोलन, प्रदर्शन वा नगर बंद करने की बात कही गई है। ज्ञात हो की व्यापारी लोकेशमोदी के जीरापुर रोड पर स्थित गोडाउन से 2 मई रात्रि को अज्ञात चोरों ने करीब दो लाख रूपये की खल की बोरियों की चोरी की वारदात हुई थी उक्त घटना के एक माह बाद भी चोरी का पुलिस कोई सुराग नहीं लगने से व्यापारियों में आक्रोश व्यक्त करते हुए ज्ञापन दिया इस मौके पर गिरिराज मोदी, जगदीश अग्रवाल, लोकेश मोदी, गोविंद सर्राफ,चांदमल अग्रवाल, राजेश करोडिया, रवि राठौर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

# जल गंगा संवर्धन अंतर्गत प्राचीन बावड़ियों व कुओं का जीर्णोद्धार



**छापीहेड़ा।** शासन के निर्देशानुसार 5 जून से 16 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंर्तगत लगातार नगर मैं साफ सफाई अभियान जीर्ण शीर्ण कुए बावड़यिों का मनोरम दृश्य दिखने लगा। नपा छापीहेड़ा द्वारा लगातार यह अभियान सार्थक रूप से चलाया जा रहा है कई वर्षों से कूड़े कचरो से भरे प्राचीन कुवै बावड़यिों की सुध बुध अब शासन द्वारा ली जा रही है। इससे आने वाले मानसून में बारिश के तहत पानी का संग्रहण शुद्ध तरीके से होगा।

जिसका फायदा क्षेत्र नगर वासियों को शत प्रतिशत मिलेगा बस स्टैंड स्थित प्राचीन चोपड़ा की मरम्मत के साथ-साथ साफ सफाई बाउंड्री की व्यव्स्था बड़े सुचारू रूप से की गई वहीं पास में बोर के कारण पेयजल का मुख्य केन्द्र रहा है सफाई और संवर्धन का अभियान नगर परिषद द्वारा चलाया जा रहा है इसके अंर्तगत प्राचीन चोपड़ा कुए बावड़ी की सफाई बड़े सार्थक रूप से की जा रहीं हैं साथ ही कुएं के आसपास तार फेंसिंग जाली लगाई गई जिससे कि कुएं में अनावश्यक वस्तुएं न फेंकी जा सके मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा समस्त नागरिकों से बार-बार अपील की कि वर्षा के जल का शत प्रतिशत सार्थक उपयोग हम सबको मिलकर करना चाहिए ताकि भूमिगत जल की मात्रा शत प्रतिशत बढ़े इस हेतु समस्त नागरिकों को सहयोग करना है हमारे प्राचीन कुओं में अनुपयोगी सामग्री न फेंके जिससे वे प्रदूषित न हो साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर जल संवर्धन में सहयोग करें जल है तो कल है इसका सदुपयोग करें यह अपील सार्थक रूप से नपा मुख्य अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा की गई।

गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया था विरोध

# 65 करोड़ से अधिक की राशि से बन रही तलेन-मऊ-पडाना सड़क निर्माण कार्य में कई अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तलेन





केंद्रीय सड़क निधि से तलेन, मऊ-पडाना सड़क निर्माण मैं कई अनियमितताएं होने के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। निर्माण एजेंसी द्वारा अवैध खनन किया गया। बेस बनाई में पीली मिट्टी युक्त मुरम बिछाई गई।

संकेतन चिन्ह नहीं होने से पूर्व में दुर्घटना भी हो चुकी है। बालू रेत मैं मिट्टी मिली हुई हे। निर्माण एजेंसी द्वारा नियमो को ताक में रखकर 65 करोड़ रुपये से अधिक राशि का बनने वाला तलेन - मऊ-पडाना रोड का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि इस रोड को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री से सड़क का बेस बनाने का कार्य किया जा रहा है अगर यही हाल रहा है तो सड़क कुछ माह भी नहीं चल पाएगी ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण की जांच वरिष्ठ अधिकारियों से कराई जाए है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मैं इस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे थे। गड्ढो के कारण दुर्घटनाएं होती रहती थी। पैच वर्क के नाम लाखों रुपए की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। परंतु रोड में सुधार नहीं हुआ था। अब फिर केंद्रीय सड़क निधि से सड़क निर्माण कार्य के लिए 65 करोड़ रुपए से अधिक की राशि से सड़क निर्माण चल रहा है। जिसमें कई अनियमितताएं हैं।

**इनका कहना है**

*हम जिस दिन से आए हैं। हमारी यही कोशिश है रोड को अच्छा बनाया जाए जो हमारा नार्मस है। जिसके हिसाब से लेवल लाइन वगैरा हमारा कुछ डिस्टरवेन्स था। इसके चलते हमें बुलाया गया है। इस चीज को सुधार करना है। पूरे तरीके से सुधार नहीं कर पा रहे थे अब हम आए हैं हम अब पूरी तरीके से लगे हुए हैं। सुधार करनेत्र में हमारी कोशिश से रोड जो प्रोफाइल है उसे तरीके से रोड बने।*

**डीके सिंह,** प्रोजेक्ट मैनेजर गोडेक कांट्रेक्शन

**खबर संक्षेप**

## मेरिट में आए विद्यार्थियों का किया सम्मान

**आष्टा।** स्थानीय मार्टिनेट कान्वेन्ट स्कूल ने जिला मेरिट मे आए विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विद्यायक गोपालसिंह इंजीनियर, व जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर, नगरपालिका अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अतुल शर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत, संस्था संचालक नोशे खान प्रबंधक विनीत त्रिवेदी व प्राचार्य नेहा तिवारी, पत्रकार बन्धु, सरपंच द्वारा कक्षा 12वीं की जिला मेरिट मे द्वितीय स्थान तस्मियाँ सिद्धीकी व कक्षा 10वीं के आयुष जाटव को कम्प्यूटर प्रदान कर सम्मानित किया गया। तथा कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि गोपालसिंह इंजीनियर ने संघर्ष की कहानी बताते हुए बताया कि मार्टिनेट विद्यालय ने कक्षा 12वीं मे कुल 33 विद्यार्थी परीक्षा मे बैठे व शासन की योजना मे लगभग 15 विद्यार्थी शामिल हो रहे है यह विद्यालय की लगातार निष्ठा बताती है कि मार्टिनेट विद्यालय बच्चों को निखारने का किस ढंग से कार्य कर रहा है विद्यालय की इस सफलता पर मैं संस्था के संचालक नोशे खान प्रबंधक विनीत त्रिवेदी व प्राचार्य नेहा तिवारी व उन शिक्षकों के योगदान को तहेदिल से मानता हूँ, तथा बोले जब भी विद्यालय को मेरी आवश्यकता होगी मै तत्पर खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर आष्टा के पत्रकार नरेन्द्र गंगवाल, किरण रांका, धनंजय जाट, कमल पांचाल, गणेश दुबे, नवीन शर्मा, एवं राजेन्द्र सिंह मेवाड़ा सरपंच ग्राम पटारिया, सादिक भाई सरपंच ग्राम बरखेड़ा, दीपक सरपंच ग्राम पगरियाराम, राहुल ठाकुर सरपंच ग्राम चाचरसी मालीपुरा अन्यअतिथि कन्हैयालाल गेहलोत जनशिक्षक ज्ञानसिंह मेवाड़ा और प्रायवेट कोचिंग संचालक जगदीश मेवाड़ा, प्रायवेट स्कूल संचालक भोलूसिंह ठाकुर, रामशंकर झा, सुनील शर्मा, मनीष सोनी, बीएल मालवीय, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, रामजी यादव, ज्ञानसिंह ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर एवं अधिक संख्या पालक/अभिभावक उपस्थित थे।

### प्रायवेट एप्पल हॉस्पिटल हुआ सील, 12 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत के बाद गिरी गाज

# कंपाउंडर एप्पल हॉस्पिटल में डॉक्टर बनकर कर रहा था इलाज अधिकारियों ने अस्पताल के दस्तावेज जब्त कर किया सील








मृतक बच्चे के पीड़ित पिता ने एसडीएम को की थी लिखित शिकायत, स्वास्थ विभाग ने लिया बड़ा एक्शन, हॉस्पिटल को किया सील। शहर में कुकुरमुत्ता की तरह खुले प्राइवेट हॉस्पिटल, लोगों की जान से कर रहे खिलवाड़, कई लोगों की हो चुकी है मौत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शनिवार को शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग दरगाह के पास एक और निजी एप्पल हॉस्पिटल पर स्थानीय स्वास्थ विभाग की टीम का छापा पड़ा। बीएमओ, तहसीलदार के नेतृत्व में आष्टा की स्वास्थ विभाग की टीम ने डाला छापा, छापे के दौरान कोई भी डॉक्टर नही मिला, अस्पताल में मिली कई खामियां, बिना नियमो मापदंड के संचालित हो रहा था अस्पताल, प्रबंधन के पास कोई जवाब नही मिला। बता दे की शनिवार दोपहर को प्रशासन स्वास्थ्य विभाग की टीम अचानक एप्पल हॉस्पिटल पहुंची और जांच पड़ताल की दरअसल प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को इस अस्पताल की एक शिकायत मिली थी उसी के आधार पर आज जांच पड़ताल की और अस्पताल में कमी पाए जाने पर अस्पताल को तुरंत सील किया गया।

### अस्पताल में अनेक कमियां पाई गई, दस्तावेज जब्त कर किया सील

बीएमओ जीडी सोनी एप्पल अस्पताल में करीब 1 घंटे कागजातों की जांच की जिसमें कहीं कमियां पाई गई। सोनी ने बताया कि इस अस्पताल में डॉक्टर की उपस्थिति नहीं है यहां तक की आईसीयू वार्ड भी बना हुआ है और सुविधाएं कुछ भी नहीं कई कमियां पाए जाने पर तमाम दस्तावेजों को जब्त कर एप्पल अस्पताल को तुरंत सील किया गया है प्रशासन की ओर से तहसीलदार पंकज पवैया भी शामिल रहे।

### सरकारी डॉक्टरों के भी प्रायवेट अस्पताल में ईलाज करने के नाम आए सामने

प्रशासन स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने करीब 1 घंटे तक जांच पड़ताल के कर तमाम दस्तावेजों को जब्त किया। बता दे कि इस अस्पताल में आधा दर्जन से भी ज्यादा मरीज भर्ती थे इन्हें पास के एक चिकित्सालय में एंबुलेंस की सहायता से भर्ती कराया गया है। इस दौरान जांच में कई चौकाने वाले खुलासे देखने को मिले जिसमे सरकारी अस्पताल पदस्थ डॉक्टरो के भी निजी अस्पताल में उपचार करने के नाम सामने आए। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीज और मोजूद स्टाफ ने बताया की सरकारी अस्पताल में पदस्थ महीला डॉक्टर शुभम दलोद्रिया भी यह के भर्ती मरीजों का इलाज करने के लिए आती है जबकि एसा कोई नियम या शासन की गाइड लाइन है की सरकारी डॉक्टर प्रायवेट अस्पताल में इलाज करने जाय। गौरतलब है की शहर के कई सरकारी डॉक्टर प्रायवेट अस्पतालो में जाकर इलाज करते हैं और फीस के नाम पर मोटी रकम वसूल करते हैं जिनकी स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ विभाग की कोई लगाम दिखाई नही देती है अब देखना यह होगा की सरकारी डॉक्टर शुभम दलोद्रिया पर नियमो को ताक पर रखकर निजी अस्पताल में इलाज करने पर कोई ठोस कार्यवाही होती है या नही।

### शहर में खुले निजी अस्पताल, लोगो की जान से कर रहे खिलवाड़

आपको बता दे की शहर में कुकुरमुत्ता की तरह प्रायवेट अस्पताल खुल चुके हैं जो शासन के मापदंड पर तो खरे उतरते ही नही है साथ ही इनके पास ना कोई विशेषग डॉक्टर उपलब्ध है जिसके कारण यह निजी अस्पताल मरीजो की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं जिन पर स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ विभाग की कोई लगाम नही है!इससे पहले भी सूर्या अस्पताल में मरीजों के जान से खिलवाड़ करने की शिकायत पर स्वास्थ विभाग ने रेड डाली थी। जिसमे कई खामियां मिली थीं। लेकिन डेड महिने से ज्यादा समय बीत चुका है अब तक कोई ठोस कार्यवाही अपने अंजाम तक नही पहुंची है जिससे यह कार्यवाही सवालों के घेरे में खड़ी हो रही है और सिर्फ़ खानापूर्ति नजर आ रही है। अब ऐसे में एपल अस्पताल की पोल खुलने पर सबसे जिम्मेदार विभाग ज़िला स्वास्थ विभाग की भी पोल खुल रही है जो बीना जांच और बिना नियमो के शासन के मापदंड को दरकिनार कर अस्पतालो को परमिशन दी जा रही है। इधर शहर के कई मोहल्ले में बिना रजिस्ट्रेशन के दवाखाने चल रहे हैं यहां तक की कई डॉक्टर कई डॉक्टर बिना डिग्री के दवाखाने संचालित कर रहे हैं और तो और ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल है गांव गांव दवाखाने खुले हुए हैं और मरीजो का इलाज कर रहे हैं। अगर स्वास्थ्य विभाग इनके ऊपर भी नजर डालें तो कई चौंकाने वाली कमियां सामने आएगी।

### कंपाउंडर ने डॉक्टर बनकर किया था इलाज पीड़ित पिता ने गैर इरादातन हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग इकलौता पुत्र था

मृतक बच्चे के पिता ने शिकायती आवेदन पत्र में बताया की मुझे बाद में पता चला कि डॉक्टर मोहन तो सामान्य कंपाउंडर है. जबकि उसने सारी रात डॉ० मोहन बताकर मेरे बच्चे का ईलाज किया उसे बीटले चढाई तथा इंजेक्शन लगाये। उक्त ऐप्पल हास्पिटल में शासन के मानदंड अनुसार ना तो डॉक्टर मौजूद थे और ना ही शासन के नियम अनुसार इमरजेंसी डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ मौजूद था। बिना डिग्री के कम्पाउंडरी एवं झोला छाप लोगों को इमरजेंसी डॉक्टर बना कर इस अस्पताल में बिता दिया है। इमरजेंसी में ईलाज की सुविधाएँ इस अस्पताल में नही है। इस हास्पिटल में मानदंड अनुसार डॉक्टर उपलब्ध नही रहते हैं, फर्जी कागजी के आधार पर हास्पिटल का संचालन किया जा रहा है। फर्जी डॉक्टर एवं स्टॉफ बैठा रखा है। उक्त ऐप्पल हास्पिटल के संचालक, डॉ० मोहन एवं वहां का पूरा नर्सिंग स्टॉफ मेरे मुत्र उस्मान की मृत्यु के मामले में गैर इरादतन हत्या के दोषी है। इन्होंने केवल 5000 रूपये के लालच के पीछे मेरे एकमात्र बच्चे की जान ले ली है. मेरा केवल एक ही पुत्र था, मेरा जीवन तबाह हो गया है. क्योकि इसी तरह ये लोग सीधे साधे मरीजो को एवं उनके परिजनो को अंधेरे में रखकर ईलाज करते रहते हैं। आप कृपया तत्काल ऐप्पल हास्पिटल की सीसीटीवी हार्डडिस्क एवं मेरे पुत्र के ईलाज का रिकार्ड जॉच कार्यवाही में ही जप्त करने का कष्ट करें तथा इनके बाक्टर स्टॉफ, दिनांक 11.6.2024 के ड्यूटी डाक्टर एवं नर्सिंग स्टॉफ के रिकार्ड की फोटोकॉपी कराकर सत्यापित कराकर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करे।

### 12 वर्षीय मासूम बच्चे की हुई थी मौत, पीड़ित पिता ने एसडीएम से की थी शिकायत

शहर में कुकरमुतो की तरह खुले प्रायवेट अस्पताल लंबे समय से आम जन मानस की जान से खिलवाड़ कर रहे है लिहाज़ा कई मरीजो की तो इन प्रायवेट अस्पतालो की लापरवाही के चलते मौत भी हो चुकी है ।और बीते कुछ दिनों पहले भी शहर के निजी अस्पताल एप्पल में एक 12 वर्षीय मासूम की मौत हो गईं थीं। जिसकी शिकायत मासूम मृतक के पिता ने लिखित में एसडीएम को शिकायत की थी। मृतक बच्चे के पिता ने एसडीएम को लिखित में की शिकायत में बताया की 13 वर्षीय पुत्र उस्मान को दिनांक 11 जून को रात्रि के करीब 2 बजे अचानक पेट में दर्द हुआ तो मेरी बहन के साथ सीधे एप्पल हास्पिटल पर ले गएँ तो यहां पर मैंने पूछा कि ड्यूटी पर डॉक्टर साहब कौन है मेरे बच्चे की तबियत बहुत खराब है तो एक व्यक्ति ने अपने आप को डॉक्टर मोहन बताया तो मैंने कहा कि बच्चे को पेट में बहुत दर्द हो रहा है ती उन्होने कहा कि चिंता मत करो आपका बच्चा बिल्कुल ठीक हो जायेगा काउंटर पर तत्काल 10000/-अपये जमा करो दो मैंने उसी समय 5000/- रूपये काउंटर पर जमा करा दिए जिसकी पूरी रशीदे भी मुझे इन्होने नहीं दी। और अपने पुत्र को ईलाज के लिए भर्ती करा दिया पर सुबह मुझे उक्त डॉ० मोहन एवं वहां के स्टॉफ ने कहा कि बच्चे को सरकारी अस्पताल ले जाना पडेगा उसकी तबियत ज्यादा खराब है जब मैने बच्चे को पास जाकर देखा तो वह मर चुका था। फिर हम बच्चे की बॉडी को अपने घर ले आये और उसे दफनाया।

## सफलता का रूप अलग-अलग होता है, अपने अंदर की प्रतिभा को जगाएं: विधायक गोपालसिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



माहेश्वरी समाज के आराध्य भगवान महेश जी की जयंती के अवसर पर नगर में समाजजनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कॉलोनी चौराहा स्थित गीतांजली गार्डन से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ की गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः गीतांजली गार्डन पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में उस्थित थे, वहीं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, गल्ला मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, अनिल श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों व समाज के वरिष्ठजनों द्वारा भगवान महेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण व आरती की गई। समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मान के रूप में आज अपने परिश्रम का इनाम मिल रहा है, पर जो बच्चे आज यहां जगह नहीं बना पाये हैं उन्हें इनसे सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनौती कोई भी हो, प्रयास से उसे दूर किया जा सकता है। यह कार्यक्रम इसी बात का प्रमाण है। सफलता का रूप अलग-अलग होता है, अपने अंदर की प्रतिभा को जगाएं और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। भगवान महेश की जयंती मनाने के अवसर से समाज में एक नई चेतना का संचार तो होता ही है, वहीं संपूर्ण समाज एकजुटता के साथ भगवान की आराधना करते है यह दृश्य अपने आपमें ही अनूठा बन जाता है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थितजनों को महेश जयंती की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के बगैर मानव में संस्कार डालना टेढ़ी खीर है, इसलिए संस्कारवान समाज के लिए शिक्षा आवश्यक है। जब तक शिक्षा का स्तर अच्छा नहीं होगा। इस अवसर पर समाज के समाज अध्यक्ष मनीष धारवां, युवा अध्यक्ष तरूण नागौरी, महिला अध्यक्ष कल्पना बाहेती, समाज के वरिष्ठ महेन्द्र मूंदड़ा, प्रकाश मूंदड़ा, लोकेन्द्र धारवां, ललित नागौरी, संतोष झंवर, बाबूलाल आर्य, राजमल धारवां सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## महेश नवमी पर नगर में निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महेश नवमी के उपलक्ष में नगर में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के नेतृत्व में निकाला चल समारोह माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महेश अजमेरा, सचिव ओमेश अजमेरा, कोषाध्यक्ष योगेश ने बताया कि माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी मनाई गई।

जिसमें भगवान महेश भोलेनाथ का विधि विधान से पूजा अर्चना कर नगर में चल समारोह निकाला गया। चल समारोह नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए माहेश्वरी धर्मशाला पहुंचा अंत में आरती एवं प्रसादी व सहभोज का कार्यक्रम हुआ।

जिसमें महिला पुरुष सभी ने भाग लिया एवं सभी ने अपने अपने प्रतिष्ठान भी बंद रखे और इसी बीच भजनों की भी प्रस्तुतियां भी दी एवं महेश नवमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई ढोल नगाड़े बेंड बाजों के साथ सभी ने जूलूस का आनन्द लिया साथ ही माहेश्वरी धर्मशाला में समाज के लोगों ने वृक्षारोपण किया और संकल्प लिया कि हम वृक्षारोपण कर उसकी देखभाल भी करेंगे और सभी से वृक्षारोपण लगाने का आग्रह करेंगे।

### जिनवाणी मां को रजत पालकी में विराजित कर नगर में निकाली शोभायात्रा

# ध्वजारोहण और शास्त्र स्थापना के साथ शुरू हुआ संस्कार शिविर





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शुक्रवार 14 जून को प्रातः काल की बेला में नगर के प्रमुख मार्गों से मुनिश्री भूतबलि सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर में भाग लेने वाले सैकड़ों की संख्या में शिविरार्थियों ने जिनवाणी प्रभावना शोभायात्रा मां जिनवाणी को रजत पालकी में विराजित कर बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी के पावन सनिध्य में निकाली गई। जो किला मंदिर पहुंचकर समापन हुई। शिविर की जानकारी समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि तत्पश्चात शिक्षण शिविर का विधिवत शुभारम्भ मंदिर परिसर में ध्वजारोहण एवं शास्त्र स्थापना के साथ किया गया।

### पहले आत्म कल्याण का माहौल था

बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी वाले ने शिविर के शुभारंभ अवसर पर कहा कि बिना भोजन के जीवन नहीं चलेगा, लेकिन अधिक भोजन करना घातक हो जाता है। सभी चीजों की मर्यादा होती है।इसी प्रकार डॉक्टर के बताए अनुसार दवाई लेने से व्यक्ति ठीक हो जाता है, लेकिन अधिक दवाई अर्थात आठ दिन की दवाई एक ही दिन में लेने पर घातक हो सकती है। पहले आत्म कल्याण का माहौल बनता था और आज आत्म कल्याण से विमुख हो रहे हैं।

### कोरोना चायना ने फैलाया

बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी ने बताया कि अपने देश में कोरोना चायना से फैला था। चमगादड़ के सेवन से वहां चायना में कोरोना फैला था।चायना मेंअहिंसक धर्म विकृत हो गया।आज हम बच्चों के कैसे संस्कार दे रहे हैं। पहले आत्म कल्याण का माहौल बनता था और आज आत्म कल्याण से दूर हो गए हैं। जैनों के कौन से काम है।हम ध्यान देकर अपने विचार समझें। अपनी गलत मानसिकता को बदलना होगा।

### पहले चांदी की करेंसीकागज की

संजय भैय्या ने कहा स्वाध्याय करना बहुत जरूरी है। स्वाध्याय परम्परा विलुप्त होती जा रही है।धर्म को पैसे से नहीं जोड़ना चाहिए। पहले चांदी की करेंसी थी,आज कागज की करेंसी चल रही है। पहले सोच अच्छी थी, लेकिन आज सोच संकीर्ण हो गई है। व्यक्ति आज पैसा कमाने में लगा है, धर्म आराधना करने का समय नहीं है।

### आचार्य ने कहा था जिनवाणी का प्रचार जरूरी

संजय भैय्या ने कहा कि आचार्य श्री ने कुंडलपुर में हमसे कहा था कि जिनवाणी का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है। बहुत मनोयोग से धर्म का कार्य करना चाहिए। बिना स्वाध्याय के जीवन परिवर्तन नहीं होने वाला है। धर्म के साथ लौकिक शिक्षा को भी हम सभी को महत्व देना चाहिए। जैन धर्म का ज्ञानार्जन करें। ज्ञान सुख का कारण है, ज्ञान का बहुत महत्व है। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ पर जिनवाणी शास्त्र स्थापना का सौभाग्य महेंद्र कुमार, राकेश कुमार, संतोष कुमार जैन जादूगर परिवार को मिला। इसी के साथ ही ध्वजारोहण का सौभाग्य निर्मल कुमार संदीप, संजय, शरद कुमार जैन बिंदिया परिवार बुधवारा को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सीहोर।** शुक्रवार को महेश नवमी के उपलक्ष में स्थानीय महेश्वरी भवन में फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में बच्चों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया और प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।